हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 फरवरी 2026

06 बीनागंज में भव्यता के साथ शोभा यात्रा चल समारोह ...



07 चंदेरी में सिंधिया ने किया 7 करोड़ की लागत के 3 विद्युत सब...





## समाचार संक्षेप

### गांजा तस्करी मामले में महिला को 4 वर्ष की सजा, 5000 का अर्थदंड भी लगाया

**गुना।** थाना आरोन क्षेत्र के वर्ष 2019 के गांजा तस्करी मामले में विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट) ने आरोपी महिला अनीता उर्फ नीता पत्नी लालू उर्फ मर्दन सिंह बघेल को दोषी पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 अर्थदंड की सजा सुनाई है।विशेष लोक अभियोजक राकेश व्यास ने बताया कि 21 अगस्त 2019 को पुलिस ने मुखबिर सूचना पर आरोपी महिला के कब्जे से 1 किलो 650 ग्राम गांजा एवं 7000 नकद बरामद किया था। न्यायालय ने अभियोजन को संदेह से परे सिद्ध मानते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए।

### अतिक्रमण पर प्रशासन का सख्त कदम अनावेदक को 15 दिन के लिए जेल भेजा

**गुना ।** अवैध अतिक्रमण के मामलों में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत राघौगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अमित सोनी ने अतिक्रमणकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की। गेंदालाल पुत्र बट्टूलाल कुशवाहा की भूमि पर बालमुकुंद, विनोद और देवेंद्र पुत्र रामनारायण द्वारा अवैध कब्ज़ा बनाए जाने के मामले में धारा 250(8) के तहत 15 दिवस की सिविल जेल की कार्यवाही आदेशित की गई।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भूस्वामी की भूमि पर कब्ज़ा और न्यायालयीन आदेशों की अवमानना कतई सहन नहीं की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी शासकीय या निजी भूमि पर अवैध कब्ज़ा न करें और अतिक्रमण की जानकारी तुरंत राजस्व विभाग को दें। यह कार्रवाई जिले में कानून के भय और प्रशासनिक अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### गुना के किसानों के लिए मधुमक्खी पालन करने से फसल को बढ़ाने की सलाह

**गुना।** कृषि विज्ञान केन्द्र, आरोन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अमित कुमार ने किसानों को मधुमक्खी पालन के माध्यम से फसल उत्पादन बढ़ाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि



मधुमक्खियाँ सूरजमुखी, सरसों, तिल, धनिया, सब्जियां और फलवृक्षों में परागण करके उपज 40-120 प्रतिशत तक बढ़ा सकती हैं।विशेषकर धनिया की फसल में मधुमक्खी पालन से बीज उत्पादन में 55-60 प्रतिशत तक वृद्धि और बीजों की गुणवत्ता में सुधार होता है। वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया कि खेत में फूल आने पर प्रति एकड़ 2-3 मधुमक्खी बक्से रखे जाएं। डॉ. धवेन्द्र सिह ने किसानों से अनुरोध किया कि वे बॉक्स रखवा कर उत्पादन बढ़ाएं, जिससे फसल पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता।

### भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए हुआ जगनपुर चक आंगनबाड़ी केंद्र में परामर्श सत्र का आयोजन

**गुना ।** कलेक्टर शकिशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार में भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान का द्वितीय चरण दिनांक 24 जनवरी से 10 फरवरी तक चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अब्दुल गफ्फार के मार्गदर्शन में भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु जगनपुर चक आंगनबाड़ी केंद्र में परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें भिक्षावृत्ति से संबंधित जानकारी



ग्रामीणों को बताई गई एवं उसके दुष्परिणाम के बारे में बताया साथ ही भिक्षा लेना व देना दोनों अपराध हैं। इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान श्रीमती गिरिजा जाटव प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर द्वारा बताया गया कि बाल भिक्षावृत्ति एक अपराध है, जिसमें भिक्षा लेना व भिक्षा देना दोनों अपराध है। बाल अधिनियम 1960 की धारा 42 के अनुसार जो कोई भी किसी बच्चे को भिक्षावृत्ति के लिए प्रेरित करता है उसे 7 से 10 वर्ष तक की कैद एवं 5 लाख तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। विजय साहू संरक्षण अधिकारी महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को बताया कि बाल भिक्षावृत्ति एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं की जानकारी चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 पर सूचना देकर विभाग को अवगत करा सकते है।

## शास्त्री स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिताः दूसरे दिन ग्वालियर का दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। सेंट्रल रेलवे कोटा और हॉकी संघ ग्वालियर के बीच खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः ग्वालियर की टीम ने 3-2 से जीत दर्ज कर मैदान में अपना दबदबा साबित किया।मैच की शुरुआत तेज गति और आक्रामक खेल के साथ हुई।

खेल के शुरुआती मिनटों में ही हॉकी संघ ग्वालियर के युवा खिलाड़ी युवराज चौहान ने शानदार फील्ड गोल कर अपनी टीम को





बढ़त दिलाई। इसके बाद ग्वालियर ने लगातार दबाव बनाए रखा और युवराज चौहान ने एक और बेहतरीन मूव के साथ दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया।पहले हाफ के उत्तरार्ध में ग्वालियर के सुजान ने शानदार तालमेल और सटीक निशानेबाजी के साथ तीसरा गोल कर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। हालांकि सेंट्रल रेलवे कोटा की टीम ने हार नहीं मानी। दूसरे हाफ में कोटा के खिलाड़ी शिवान ने शानदार प्रयास करते हुए एक फील्ड गोल कर टीम को मुकाबले में वापस लाने की कोशिश की। इसके बाद कोटा को मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर दूसरा गोल किया गया, जिससे स्कोर 3-2 हो गया और मैच और भी रोमांचक हो उठा।अंतिम क्षणों में कोटा ने बराबरी के लिए कई आक्रमण किए, लेकिन ग्वालियर की मजबूत रक्षा पंक्ति और गोलकीपर के शानदार बचाव के चलते उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। निर्धारित समय के समाप्त होते ही ग्वालियर को 3-2 से विजयी घोषित किया गया।इस रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों को पूरे समय बांधे रखा और प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शानदार आगाज किया।

ग्वालियर की इस जीत से टीम का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है, वहीं कोटा की टीम ने भी शानदार संघर्ष कर खेल भावना का परिचय दिया। दूसरा मैच उज्जैन v /s नानापारा उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। इसमें उजैन को नानापारा ने 2-1 से हराया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष शेखर विशिष्ट एवं जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे विशेष रूप से मौजूद रहे।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहे मजदूर ने शासन से मांगी सहायता राशि

## दिव्यांग महिला बोली अगर यहां सुनवाई नहीं हुई तो भोपाल ज्यादा दूर नहीं...



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मगराना से गुना गुहार लगाने पहुंची दिव्यांग सुभद्राबाई के सब्र का जैसे बांध ही ढह गया था ,चार बच्चों की परवरिश और दिव्यांग पति को 6 साल से न मिलने वाली पेंशन का दर्द और उसके लिए भी स्वयं को मिलने वाले 600 की रकम सरकारी ताने बाने में अटक जाना। हर रोज जीने के लिए किए जाने वाला संघर्ष उसे इस हद तक मुखर कर देगा कि उसने पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर दिए। महिला के तेवरों में जहां अपने दर्द को आक्रोश के रूप में बयां करने का जज्बा दिखाई दिया तो अपना हक मांगने के लिए भी गजब की जीवटता देखने को मिली । उसने कहा कि अगर यहां उसे कामयाबी नहीं मिलती है तो भोपाल भी ज्यादा दूर नहीं है ।

इसी तरह गुलाबगंज चौरसिया कॉलोनी निवासी मदनराम पुत्र मृगुलाल अहिरवार ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि वे किराए के मकान में निवास कर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन हाल ही में आंखों का ऑपरेशन होने के कारण अब काम करने में असमर्थ हो गए हैं।आवेदक के अनुसार आय का कोई अन्य साधन न होने से परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का संकट खड़ा हो गया है। उपचार के बाद भी कमजोरी बनी हुई है, जिससे फिलहाल मजदूरी कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उन्होंने शासन से सहायता राशि प्रदान कर परिवार को राहत देने की अपील की है।

### पूर्व में दिए आवेदन पर कार्रवाई न होने से परेशान नागरिक ने फिर लगाई गुहार

जिला प्रशासन की ओर से सहायता की उम्मीद लगाए एक अन्य नागरिक ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने पूर्व में भी आर्थिक संकट को लेकर आवेदन दिया था, लेकिन अब तक किसी प्रकार की सहायता नहीं मिली है।आवेदन में उल्लेख किया गया कि पारिवारिक परिस्थितियां लगातार बिगड़ती जा रही हैं और बीमारी व रोजगार की कमी के कारण जीवन यापन कठिन होता जा रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से जल्द से जल्द प्रकरण की जांच कर सहायता दिलाने की मांग की है।

### बीमारी और बेरोजगारी ने तोड़ा परिवार का सहारा, शासन से मदद की अपील

कलेक्ट्रेट में एक और आवेदन सामने आया जिसमें गंभीर बीमारी के चलते रोजगार छिन जाने की बात कही गई है। आवेदक ने बताया कि इलाज में जमा पूंजी खत्म हो चुकी है और अब घर चलाने तक की स्थिति नहीं बची है।उन्होंने शासन से अनुरोध किया कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि परिवार दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौट सके।

### मताधिकार एवं नागरिक अधिकारों से वंचित किए जाने का आरोप

शिव सिंह रघुवंशी पुत्र भगवत सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम माधोपुर ग्राम पंचायत हरीपुर विधानसभा क्षेत्र बमौरी ने बताया कि मैं विगत लगभग तीन वर्षों से वहाँ सपरिवार निवासरत हूँ, एवं एक उन्नतं कृषक के रूप में कृषि करता हूँ, मेरे समस्त दस्तावेजों में जैसे की आधारकार्ड, वोटर आई डी, पासपोर्ट आदि में उपरोक्त पता दर्ज है, परन्तु दिनांक 01.02.2026 को मोबाइल द्वारा निर्वाचन शाखा से बोल रहा हूँ कहकर मुझे कॉल किया गया एवं मुझसे पूछा गया कि आपका फार्म क्रमांक 7 आया है आप अपना नाम कटवाना चाहते हैं तो मेरे द्वारा इस प्रकार का कोई भी फार्म नहीं भरने की जानकारी दी गई एवं नाहीं इस प्रकार का कोई फार्म मैंने दिया है, चूंकि में सपरिवार विगत कई वर्षों से यहाँ निवासरत हूँ यह जानकारी मेरे द्वारा दी गई है, मुझे अपने मताधिकार से वंचित करने एवं मेरे पते में किसी भी प्रकार के परिवर्तन से हुई क्षति की जबाबदेही सम्बंधित दोषियों की होगी, किसके द्वारा यह षड्यंत्र किया जा रहा है उसकी त्वरित जाँच करवाकर सम्बंधित दोषियों पर कार्यवाही कर उचित दंड दें।

### गुना में एमपीआईडीसी द्वारा एक दिवसीय निवेश एवं निर्यात संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) द्वारा दिनांक 5 फरवरी 2026 को प्ले होटल, बस स्टैंड, गुना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में निवेश को बढ़ावा देना, निर्यात से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी देना तथा स्थानीय उत्पादकों एवं उद्यमियों को राष्ट्रीय स्तर के बाजार से जोड़ना है।कार्यशाला के दौरान जेम पोर्टल (**GeM Portal**) पर मौके पर ही निःशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रतिभागी शासकीय खरीद प्रणाली से सीधे जुड़ सकेंगे।

इसके साथ ही क्रेता–विक्रेता बैठक (**Buyer–Seller Meet**) का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें उत्पादकों एवं उद्यमियों को अपने उत्पादों के विपणन एवं व्यवसाय विस्तार के अवसर प्राप्त होंगे।यह कार्यशाला विशेष रूप से धनिया उत्पादक किसानों, गुलाब एवं अन्य पुष्प उत्पादकों के साथ-साथ सभी प्रकार के उद्योगों, उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों एवं निर्यात में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उपसंचालक उद्यान केपीएस किरार द्वारा जिले के सभी किसानों, उत्पादकों, उद्योगपतियों एवं इच्छुक नागरिकों से अधिक से 12:30 बजे अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यशाला का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है। यह आयोजन स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने, बाजार उपलब्ध कराने तथा आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## महिला संग आरोपी को नाबालिग ने देखा, की थी हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त और संवेदनशील नेतृत्व में जिले में अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में धरनावदा थाना पुलिस ने करीब एक वर्ष पुराने नाबालिग बालक के अंधे कत्ल का सफल खुलासा किया।

14 फरवरी 2025 को 15 वर्षीय बालक के गुम होने की सूचना पर प्रकरण दर्ज किया गया था। अगले दिन बालक का शव हाथ बंधे हुए हालत में उसके गांव के कुएं से बरामद हुआ। लंबे समय तक अनसुलझे रहे इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रभात कटारे एवं उनकी टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर की। 01 फरवरी 2026 को आरोपी गोपाल यादव (55), निवासी ग्राम खेजरा, को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार की और बताया कि बालक ने उसे महिला के साथ संदिग्ध स्थिति में देख लिया था, जिससे डरकर उसने बालक को कुएं में फेंक दिया।

आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। धरनावदा थाना टीम में उपनिरीक्षक अंजना चंदेल, प्रधान आरक्षक आदित्य टुण्डेले, आरक्षक धर्मेन्द्र धाकड़, महिला आरक्षक प्रियंका ओझा सहित अन्य का योगदान उल्लेखनीय रहा।गुना पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया कि अपराधी चाहे कितना भी चालाक क्यों न हो, कानून की पकड़ से बच नहीं सकता।

## गुना में बेमौसम बारिश और बिजली की गर्जना से शहर हुआ तरबतर





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मंगलवार की सुबह गुना शहर के निवासियों के लिए गीली और शोर-भरी रही। सोमवार रात से शुरू हुई बारिश और आसमानी बिजली का दौर मंगलवार सुबह तक जारी रहा। आधी रात को अचानक कड़की बिजली की आवाज से लोग घबराकर जाग उठे। बारिश के दौरान शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं।मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में लगभग 6 मिलीमीटर बारिश हुई। न्यूनतम तापमान गिरकर 14.9C पर पहुंच गया और हवा में आर्द्रता 93% दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, राजस्थान में बने प्रेरित चक्रवाती घेरे और अरब सागर से आने वाली नमी की वजह से यह बेमौसम बारिश हुई।

किसानों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि चने और सरसों की फसलें पकने के कगार पर हैं। प्रशासन ने लोगों को बिजली गिरने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक इसी तरह के मौसम की संभावना जताई है।

### कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जनजाति आयोग की समीक्षा बैठक आयोजित

## आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार, श्री अंतर सिंह आर्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, डीएफओ अक्षय राठौर, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग बी.सिसोदिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष श्री





आर्य ने कहा कि जिले में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति को गति देना आयोग का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन प्रकरणों को पूर्व में अस्वीकृत किया गया है, उनका पुनः परीक्षण किया जाए।अध्यक्ष श्री आर्य ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं फसल बीमा योजना का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचे। उन्होंने वन संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि "एक बगिया मां के नाम" अभियान के माध्यम से जनसामान्य को वन संरक्षण का संदेश दिया जाए तथा तेंदूपत्ता जैसे वनोपज को संरक्षित किया जाए। उन्होंने जिले में धरती आबा उत्कर्ष अभियान सहित अन्य योजनाओं के सैचुरेशन की स्थिति की जानकारी ली।आदिवासी जनजाति के कल्याण को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए उन्होंने आहार अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत सभी जनजातीय ग्रामों में 100 प्रतिशत नल-जल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बिजली विभाग को प्रत्येक आदिवासी आवास तक विद्युत सुविधा पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बताया कि जिले में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में अमरूद की खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी और बताया कि बमोरी क्षेत्र में एक एकड़ में लगभग 8 लाख रुपये तक की आय वाली खेती विकसित की जा रही है। इस सराहनीय पहल को राज्य स्तर तक विस्तारित करने के निर्देश आयोग अध्यक्ष द्वारा दिए गए।

आयोग के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना में घरों की सजावट एवं अमरूद की खेती जैसे नवाचारों की प्रशंसा की। अध्यक्ष ने सभी विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे मैदानी स्तर पर जाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद करें, ताकि वास्तविक समस्याओं को समझकर उनका प्रभावी निराकरण किया जा सके।

## गुना पुलिस ने किया चेक बाउंस के फरार वारंटी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व में जिले में अपराधियों और फरार वारंटियों की धरपकड़ जारी है।

इसी क्रम में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने चेक बाउंस के दो अलग-अलग प्रकरणों में लंबे समय से फरार वारंटी सुधीश रैकवार (30), निवासी छबड़ा कॉलोनी, गुना को गिरफ्तार किया।सुधीश पर प्रकरण क्रमांक 674/19 एवं 310/22, धारा 138 एन.आई. एक्ट के तहत माननीय न्यायालय में फरारी चल रही थी। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक लखन किरार, लक्ष्मीनारायण यादव और आरक्षक रवि ओझा का योगदान सराहनीय रहा।

# बीनागंज में भव्यता के साथ शोभा यात्रा चल समारोह निकाल कर मनाई संत रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा



संत शिरोमणि श्रीरविदास जी की 649 वीं जयंती पर बीनागंज में भव्यता के साथ धूमधाम से शोभायात्रा चल समारोह निकाला गया । चल समारोह डीजे, बैंड,रथ और घोड़े के साथ अहिरवार समाज जन और संत रविदास अनुयायी चल समारोह में शामिल हुए । जयंती समारोह का शुभारम्भ आयोजन समिति की सहमति से नंदराम अहिरवार ब्लॉक समन्वयक द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर जयंती समारोह का संचालन कर किया गया । चल समारोह संत रविदास धर्मशाला से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क खतौली होते हुए निचला बाजार संत श्री रामानंद आश्रम पहुंचकर बीनागंज के मुख्य मार्ग से बस स्टैंड से पुनःटोडी रोड होते हुए धर्मशाला पहुंचकर समापन हुआ,शोभा यात्रा में समाज के वरिष्ठ जन, महिलाएं युवा और बच्चे शामिल हुए,चल समारोह के दौरान कई जगह पुष्प वर्षा से एवं सापा और माला पहनाकर रविदास अनुयायी अहिरवार समाजजनों का स्वागत हुआ। शोभा यात्रा के बाद जयंती समारोह स्थल धर्मशाला मंच पर बौद्धिक कार्यक्रम हुआ जिसमें पांचूलाल अहिरवार एलडीसी, नीतेश मंडेलिया, बृजमोहन खरे शिक्षक, नारायण लाल शिक्षक, हेमराज खरे, रघुवीर सिहं शिक्षक सुमेर सिहं, नंदराम अहिरवार आदि वक्ताओं ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन शिक्षा और उपदेशों पर अपने विचार व्यक्त किए गए। शोभायात्रा चल समारोह के दौरान डीजे और बैंड पर भक्ति गीतों की गूंज पर युवा एवं बच्चे नाचते -झूलते नजर आए, धर्मशाला में संत शिरोमणि रविदास जी की तस्वीर पर पूजा आरती एवं माल्यार्पण कर उपस्थित संतों का स्वागत सम्मान किया गया । बौद्धिक कार्यक्रम के दौरान मंच अन्य समाजो के समाज सेवी अतिथियों का आगमन रहा । जिसमें डॉ.संजय मीणा ने जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी एवं प्रसादी वितरण हेतु 5100 भेंट किये, वही जयस के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह भील द्वारा अपने विचार वयक्त कर अहिरवार समाज जनो को शुभकामनायें वयक्त की गई, इसी प्रकार पूर्व जिला पंचयात अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक बल्लू चौहन ने भी जयंती कार्यक्रम मे पहुंच कर शुभकामनायें दी गई,इसी क्रम में सौरभ यादव द्वारा भी सभी को शुभकामनायें व्यक्त की गई। मंच पर भील समाज अध्यक्ष सुखलाल भील, गजेंद्र सिंह चौहान,राम भरोसा भील राहुल मीणा, डा राहुल आदि भी उपस्थित रहे।जयंती चल समारोह में घोड़े की सवारी हेतु गंगा विशन वापचालहरिया द्वारा 20001 रुपए की राशि भेंट कर घोड़े की सवारी का पुन्य लाभ लिया ,वहीं गंगा कलश हेतु 4500 रुपए राशि भेंटकर मोहन कानेर वाले ने पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर वर्ष 2025 में धर्मशाला मंदिर निर्माण में सहयोग राशि प्रदाय करने वाले सामाजिक महानुभावो का समिति द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें छीतरलाल बरखेड़ीमाफी द्वारा 51 हजार रुपए प्रदाय करने वाले के साथ ही मोहनलाल लाखौरी, नेनकराम पैंची, नारायण सिंह उमरथाना, शिवनारायण शिक्षक लाखौरी,अमर सिंह ठेकेदार,देवचंद नोनेरिया, धूरेलाल शिक्षक लाखौरी ,रामदयाल राठौर बीजनीपुरा , सत्येन्द्र सिंह मुहांसा कला, मदनलाल रिटा. शिक्षक आदि, प्रसादी वितरण के बाद जयंती समारोह का समापन हुआ जिसमें गणेराम जकेले, कजोडीलाल शिक्षक, बद्रीलाल शिक्षक, रमेशचंद शिक्षक,बृजमोहन खरे शिक्षक, हरिसिंह,राजकिशोर खरे शिक्षक, श्रीराम शिक्षक, विनोदकुमार शिक्षक, रामस्वरूप शिक्षक,जगदीश, सूरेश बाबू शिक्षक, होकम राठौर,नरेन्द्र जकेले शिक्षक, हेमराज खरे, पाँचूलाल एल डीसी, नारायण लाल शिक्षक,नेपाल सिहं, डाँ श्रीमोहन, दिनेश राठौर नितेश धर्मेंद्र आदि आयोजन समिति सदस्यों के साथ क्षेत्र के खतौली -बीनागंज सहित 100 से अधिक गांवों से अहिरवार समाज के बुद्धिजीवी,वरिष्ठ जन,महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल रहे।

## समाचार संक्षेप

### सांदीपनि विद्यालय चाचौड़ा ने पाया प्रथम स्थान

**चाचौड़ा।** गणतंत्र दिवस समारोह में अनुविभागीय अधिकारी रवि



मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया सहित ब्लॉक के सभी प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । गणतंत्र दिवस के इस कार्यक्रम में चंपावती नगर के लगभग 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने सहभागिता कर विविध देश भक्ति ,आधुनिक विज्ञान ,कला संस्कृति एवं आदिवासी लोक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रस्तुतियां बहुत ही रोचक मनमोहन और शानदार थी जिनका निर्णायक मंडल ने बड़ी ही बारीकी से परीक्षण कर सांदीपनि विद्यालय चाचौड़ा के छात्र-छात्राओं के आदिवासी लोक नृत्य को प्रथम स्थान दिया। यह प्रदर्शन बहुत ही आकर्षक और उत्कृष्ट था जिसे देखकर दर्शक भी भाव विभोर होकर दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो गए थे ।विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना ने बताया कि इस शानदार प्रदर्शन में बच्चों का कठिन परिश्रम और विद्यालय की शिक्षिकाओं सुनीता शर्मा शैलजा श्रीवास्तव ,कविता जैन की कोरियोग्राफी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सांदीपनि प्राथमिक विद्यालय चाचौड़ा की प्रधान अध्यापक श्रीमती आशा जैन को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन पर समस्त विद्यालय स्टाफ ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और बधाइयां दी।

### वार्ड क्रमांक 13 में लगा संकल्प समाधान शिविर



**आरोन ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में दिनांक 03 फरवरी 2026 को नगर परिषद आरोन द्वारा "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी द्वारा सहभागिता करते हुए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। शिविर के माध्यम से नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं मांगों का मौके पर ही निराकरण करने के प्रयास किए गए, साथ ही नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, सी.ओ. शेख जिगर खान, नगर परिषद के कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, हेल्थ वर्कर ओम प्रकाश ओझा सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस को राम नाम से नफरत, इसलिए मंदिर के बाद इस बिल का भी कर रही है विरोधः सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (वीबीजी रामजी) ग्रामीण अधिनियम–2025 के तहत कुंभराज में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि मनरेगा में हुए संशोधन को लेकर कांग्रेस समाज में भ्रम फैलाने का कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहले राम मंदिर का विरोध किया और अब इस अधिनियम का विरोध कर रही है, क्योंकि इसमें 'राम' का नाम जुड़ा है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस को राम नाम से ही नफ़रत है। उन्होंने कहा कि यह एक वैचारिक युद्ध है, जिसमें अंततः सत्य की ही विजय होगी।कार्यशाला को संबोधित करते हुए चांचौड़ा विधायक प्रियंका मीना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा योजनाओं के



नाम अपने नेताओं पर रखे, जबकि भाजपा की प्रत्येक योजना गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित होती है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करने का कार्य किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस अधिनियम के माध्यम से श्रमिक हितों में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। इस बिल से पारदर्शिता बढ़ेगी और श्रमिकों को उनके अधिकारों का पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूपीए, जिसका पूरा नाम ही 'उल्टा-पुल्टा अलायंस' है, उससे सकारात्मक कार्यों की अपेक्षा करना व्यर्थ है।अभियान के सह-संयोजक अनिरुद्ध मीना ने अभियान के अंतर्गत विकासखंड से लेकर ग्राम चौपाल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शारदा साहू, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रोहित कास्ट सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन मनीष शिवहरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नीरज मालवीय ने किया।

## रोटरी क्लब गुना रॉयल ने मनाया 13 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा संचालित साई दृस्टि स्कूल का 13वा स्थापना दिवस हैं वर्ष 3 फरवरी 2013 को स्कूल की शुरुवात हुई थी जो दृस्टि वादित बच्चो को शिक्षा और प्रशिक्षण देती हैं जो ब्रेन लीपि से अध्ययन करती हैं अभी तक कई बच्चे यहा से 10th पास कर के इंदौर औऱ भोपाल जा चुके है, एक बालिका कुमारी हिमानी कुशवाह वल्लभ श्री सत साई कॉलेज ऑफ वोमेन भोपाल में अध्ययन कर रही हैं, यहां किशोर गुरुजी ( जो खुद दृस्टि वादित हैं), दीपा मैडम निरंतर सभी बच्चो को शिक्षा और प्रशिक्षण दे रहे हैं। क्लब अध्यक्ष सौरभ जैन सचिव जितेंद्र वर्मा ने वर्ष 2013 के अध्यक्ष संदीप जैन और सचिव अभिजीत गोयल का सम्मान किया जिन के कार्यकाल में स्कूल की शुरुवात हुई, साथ ही गुरु जन का भी सम्मान किया स्कूल चेयरमैन रोटे सुदीप जैन को-चेयरमैन रोटे रितेश जैन रोटे गौरव अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया ।



## अहंकार का समाधान केवल ज्ञान और स्वाध्याय से ही संभवः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



विश्वगीता प्रतिष्ठानम् के तत्वावधान में विगत रविवार को विवेक कॉलोनी स्थित अंकित पाण्डेय के निज निवास पर श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय का भक्तिमय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए श्रीमद्भगवद्गीता के 18वें अध्याय 'मोक्ष सन्यास योग' के अंतिम 11 श्लोकों का गहन स्वाध्याय किया ।स्वाध्याय के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भगवान की अमृतवाणी गीता को श्रद्धालुओं तक पहुँचाना ईश्वर की सर्वोच्च सेवा है। जो मनुष्य अपने स्वाभाविक कर्मों को ईश्वर को समर्पित करता है, वही परम सिद्धि को प्राप्त करता है।

बताया गया कि कृष्ण–अर्जुन संवाद का स्वाध्याय करने वाला व्यक्ति ज्ञानयज्ञ के माध्यम से भगवान की आराधना करता है।कार्यक्रम में श्लोकों की व्याख्या करते हुए मुख्य वक्ता श्री हरिदत्त शर्मा ने कहा कि मनुष्य को मन, वचन और कर्म से सदैव एकरूप रहना चाहिए, जिससे वह मानसिक विकारों से मुक्त रह सके। उन्होंने कहा कि आज समाज में अहंकार के कारण परिवार टूट रहे हैं और मर्यादाएँ भंग हो रही हैं। अहंकार का समाधान केवल आत्म-ज्ञान में है, जिसे स्वाध्याय के माध्यम से जाग्रत किया जा सकता है।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणागीत एवं गीता पूजन के साथ हुआ। किरण चतुर्वेदी ने अमृत वचन के माध्यम से सत्कर्मों का महत्व बताया।

देवेंद्र भार्गव ने प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए एक महान भक्त के गुणों पर प्रकाश डाला। पंडित रामकुमार तिवारी ने गीता के श्लोकों का सस्वर पारायण कराया। अथर्व भार्गव एवं अभिराम पाण्डेय ने सुभाषित प्रस्तुत किए, जबकि महेंद्र सोनी एवं चंद्रप्रकाश भट्ट ने भजनों की संगीतमय प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।विश्वगीता प्रतिष्ठानम् द्वारा आगामी रविवार को दो स्थानों पर गीता स्वाध्याय आयोजित किया जाएगा। प्रातः 11 बजे सिसोदिया कॉलोनी में विशेष स्वाध्याय (यजमानः सुरेंद्र वशिष्ठ) तथा सायं 4 बजे विवेक कॉलोनी में नियमित गीता स्वाध्याय (यजमानः मोहन सिंह रघुवंशी) आयोजित होगा। संस्था ने समस्त धर्मप्रेमी स्वाध्यायीजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गीतामृत का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

कार्यक्रम में महानता पाण्डेय, श्रद्धा पाण्डेय, शोभा चौबे, किरण चतुर्वेदी, मथुरा बाई, पिंकी रघुवंशी, भारती शर्मा, अनामिका शर्मा, ओमप्रकाश पाराशर, राजेश पाराशर, संतोष ओझा, अथर्व भार्गव, अभिनंदन पाण्डेय, अभिराम पाण्डेय, सुदामा प्रसाद शर्मा सहित अनेक नियमित स्वाध्यायियों ने सहभागिता की।

## जनसुनवाई में 117 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, सीईओ ने किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 117 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम प्यासी निवासी मलखान सिंह यादव द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने,ग्राम गोराघाट निवासी दिमान सिंह द्वारा पट्टा अमल कराए जाने,वार्ड 04 मुंगावली निवासी नवदीप शुक्ला द्वारा खाद्यान पात्रता पर्ची दिलाए जाने,वार्ड 14 अशोकनगर निवासी रमा प्रजापति द्वारा फोती नामांतरण कराए जाने,ग्राम बम्मन खिरिया निवासी परवत अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने,ग्राम खजुरिया कला निवासी नत्थू सिंह द्वारा जमीन पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम साजनमहू निवासी अखिलेश धानक को आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम कालीटोर निवासी रामस्वरूप सहरिया द्वारा अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## लीनेस क्लब की अशोकनगर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया

**अशोकनगर।** शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शहर के स्थानीय मंगल पैलेस में अलका अग्रवाल ने अध्यक्ष पद की शपथ जयपुर से आई हमारी पीड़ीपी स्वग्रही मांओं की उपस्थिति में ग्रहण की।

सचिव रश्मि अग्रवाल जयपुरी,सह सचिव अंजना दुबे, कोषाध्यक्ष दीपा रघुवंशी, पीआरो राखी तिवारी, एवं सभी डायरेक्टर बहनों सीमा अग्रवाल, डॉ रजनी शुक्ला, सुनीता अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सपना सेठ, गीता बंसल, लवली रघुवंशी, उपाध्यक्ष गंगा रघुवंशी प्रियंका ने शपथ ग्रहण की। राशि गुप्ता को ट्रेजरार की शपथ दिलाई गई।नए सत्र में क्लब की सदस्य के रूप में रितु, रुचि, संध्या, सरिता ,सोनम, नम्रता, नीतू ,अमृता, माधुरी ,सोनम, स्नेहा, मनीषा, प्रीति आदि बहनों को शपथ दिलाई गई।

## रेलवे स्टेशन पर भिक्षावृत्ति रोकने हेतु जागरूकता अभियान, 3 बच्चे मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एवं व्ही.एस.डब्लू.ओ. के संयुक्त सहयोग से मंगलवार को रेलवे स्टेशन परिसर में भिक्षावृत्ति रोकने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में भिक्षावृत्ति में संलग्न 3 बच्चे पाए गए। उनके परिजनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कराकर समझाइस एवं भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर माता पिता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी देकर बच्चों को माता पिता के सुपुर्द किया गया। साथ ही माता पिता के द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल भेजने एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने हेतु आदेशित किया गया। इस अभियान में बाल कल्याण समिति सदस्य भूपेंद्र सिंह रघुवंशी, जीआरपी थाना प्रभारी लखन सिंह रघुवंशी, आरक्षक गोपाल सिंह चैहान, कोतवाली थाना से देसराज सिंह, महिला आरक्षक रुपाली रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी आशीष शर्मा एवं शिवकुमार नरवरिया उपस्थित रहे। इसके साथ ही जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, व्ही.एस.डब्लू.ओ. से विपिन रघुवंशी, ओम मार्गदर्शी समिति के प्रबंधक हरवेंद्र शर्मा, तथा गुरुदेव समाज कल्याण समिति एवं रघुकुल सेवा समिति की टीम का सराहनीय सहयोग रहा। अभियान के माध्यम से आमजन को बच्चों से भिक्षा न देने, उन्हें शिक्षा एवं संरक्षण से जोड़ने तथा बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। संबंधित विभागों ने संयुक्त रूप से भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाने का संकल्प व्यक्त किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति



**अशोकनगर।** चंदेरी शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर चालदा में विगत दिवस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती बंदना से की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 1 से कक्षा 5 तक नन्हे मुन्हें बच्चों के द्वारा अत्यंत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरभि जैन, बीआरसी वेदप्रकाश गोयल, ग्राम पंचायत सिंहपुर चालदा के सरपंच जयराम यादव, बीएसी रविकांत चतुर्वेदी, विवेक जैन, धर्मपाल सिंह बुंदेला, पवन पिप्पल, साक्षरता समन्वयक प्रकाश राय एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए आवश्यक आर्थिक व्यवस्था के लिए विद्यालय के शिक्षकों ने अपने वेतन से और जन सहयोग आदि से धन का प्रबंध करके प्राईवेट स्कूलों से बेहतर इंतजाम किए गए। प्रधानाध्यापक अमित जैन ने सभी अतिथियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। उपस्थित अतिथियो द्वारा बच्चों को उपहार स्वरूप प्रोत्साहन राशि प्रदाय की गई। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी व्यक्तियों और बच्चों को विद्यालय की ओर से स्वादिष्ट भोजन कराया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका सुधा यादव, ममता जैन, शिक्षक नारायण दास कोली, कल्पना राठौर, हेमलता नामदेव, नेहा शर्मा एवं अतिथि शिक्षक सुनील अहिरवार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन हिमांशु जैन द्वारा किया गया।

## इकोनामिक कॉरिडोर एक्सप्रेस-वे से जोड़ने की मांग

**अशोकनगर।** जिला पत्रकार संघ ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र सौंपकर मांग की है कि जिला मुख्यालय अभी फोर लाइन एक्सप्रेस वे से कनेक्ट नहीं है जिसे नए एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाए ताकि अशोकनगर जिला मुख्यालय का समुचित विकास हो सके। पत्र में कहा गया है कि ग्वालियर से बैतूल के लिए सिक्स लेन इकोनामिक कॉरिडोर बनाया जा रहा है, चंदेरी तक ग्वालियर से बैतूल सिक्स लेन इकोनामिक कॉरिडोर आएगा, इसे चंदेरी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 346 से जोड़ते हुए जब यह आगे विदिशा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 146 से जुड़ेगा तो यह आगे चलकर भोपाल बैतूल से जोड़ता हुआ नागपुर तक जाएगा, राजमार्ग क्रमांक 12 एवं 69 द्वारा, जिससे यह एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का वैकल्पिक मार्ग बनेगा जो अशोकनगर जिले में औद्योगिक विकास सामाजिक विकास एवं आर्थिक विकास की नई इबारत लिखेगा। अतः समय रहते ग्वालियर बैतूल सिक्स लेन इकोनामिक कॉरिडोर से अशोकनगर जिला मुख्यालय को जोड़े जाने की कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी से बात कर मंजूरी देने के लिए आग्रह भी किया गया। अशोकनगर जिला मुख्यालय पर रास्ते कम हुए हैं और आबादी बढ़ गई है आने-जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## बहू-बेटी संगठन ने सेवा कार्यों की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



बहू बेटी संगठन का वार्षिकोत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं मंगलाचरण से हुई। जिसमें मुख्य अतिथि श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी एवं महासमिति की अध्यक्ष विभा मोदी एवं संगठन की संस्थापिका प्रियंका जैन सम्मिलित रही।

पूर्व अध्यक्ष संगीता जैन घड़ी ने सभी का स्वागत किया, मंच का संचालन कुमारी पारुल एवं कुमारी याशी ने किया। इंदू गांधी ने सभी को शपथ ग्रहण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष राखी जैन, मंत्री डॉ गुंजा जैन, कोषाध्यक्ष वंदना जैन, संयोजक रवि जैन, उपाध्यक्ष मीनल जैन एवं सांस्कृतिक मंत्री सच्ची जैन बनी। लोगों ने नाटक के द्वारा एवं सांस्कृतिक नृत्य के द्वारा लोगों का मनोरंजन किया बीच में तंबोला एवं गेम खिलाई गए। इसी के बीच ग्रीटिंग कंपटीशन भी रखी गई थी जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रथम स्थान कुमारी यशी जैन, द्वितीय स्थान पर सुरभि मिर्ची एवं तृतीय स्थान पर राखी रही। कार्यक्रम में संगठन के और भी सदस्यों उपस्थित थे सुरभी पंसारी, कल्पना, नीतू आदि शामिल हुए।

### प्राईमरी और माध्यमिक परीक्षाओं के लिए 135 केन्द्र बने

**अशोकनगर।** कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक के स्कूली छात्र छात्राओं की परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। इन परीक्षाओं के लिए 135 सेंटर बनाए गए हैं। जिनमें 32260 परीक्षार्थी परीक्षा देगें। कक्षा 5वीं में ब्लॉक बार अशोकनगर में 5866, चन्देरी में 3222, ईसागढ में 3621, मुंगावली में 4695, इस प्रकार एक से पांच की परीक्षाओं में 17304 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। वहीं माध्यमिक परीक्षा कक्षा 6वीं से 8वीं तक के अशोकनगर से 5138, चन्देरी 2774, ईसागढ में 2823 एवं मुंगावली में 4221 परीक्षार्थी शामिल होगें। जिले में 14956 माध्यमिक विद्यालय से परीक्षार्थी शामिल होगें।

## ग्राम पंचायत नईसराय में विधिक जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं न्यायाधीश, सचिव मनीष अनुरागी की उपस्थिति में मंगलवार को ग्राम पंचायत नईसराय तहसील ईसागढ़ जिला अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर के माध्यम से ग्रामीण जनमानस को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं तथा लोक अदालतों के लाभों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लिए विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। शिविर में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सचिव श्री मनीष अनुरागी द्वारा उपस्थित जनसमूह को सरल और प्रभावशाली शब्दों में विभिन्न कानूनी विषयों जैसे घरेलू हिंसा, बाल विवाह, मानव तस्करी, साइबर अपराध, संपत्ति के अधिकार, महिला सशक्तिकरण, म0प्र0 अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना आदि पर जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसल डिप्टी अधिवक्ता रफीक खान, पैरालीगल वालंटियर विवेक यादव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरा मथाना निवासी गोवर्धन गुर्जर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरन और बाबू गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढिमचैली निवासी पुलिया बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरलाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम सर्करा निवासी सोनम पुत्री गोविन्द परिहार उम्र 19 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अचलगढ़ खरिया मोहल्ला निवासी राम सिंह पुत्र जसवंत सिंह सिक्ख उम्र 60 साल मंगल कुशवाह के मकान के सामने मृत अवस्था में मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के पिपरई थाने की पुलिस ने ग्राम मोहरी निवासी शैतानसिंह पुत्र गोकुल प्रजापति के पास से 60 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार पिपरई पुलिस ने ही ग्राम तारई निवासी दर्शन सिंह कटारिया के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ पुलिस ने ग्राम श्यामाटोरी निवासी शिम्मू आदिवासी के पास से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने ग्राम गोरा टांका निवासी नंदराम अहिरवार के पास 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सोगरिया दानापुर एक्सप्रेस का अशोकनगर में स्टापेज दिया जाए

**अशोकनगर।** सोगरिया से दानापुर के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का अशोकनगर में स्टापेज नहीं दिया गया है। यह ट्रेन कोटा के समीप सोगरिया से चलकर बारां,रूठियाई और गुना स्टेशन पर रूकती हैं और वहां के बाद सीधा स्टापेज सागर का है। जिसके कारण इस ट्रेन से आने वाले लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। जबकि अशोकनगर जिला मुख्यालय का स्टेशन है ऐसी स्थिति में इस ट्रेन का स्टापेज न होने से यात्री परेशानी है। सेवानिवृत उपयंत्री जे.के तिवारी ने मांग की है कि इस ट्रेन का अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर स्टापेज दिया जाए। जिससे यहां के यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 7 फरवरी को होगी

**अशोकनगर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत जिला अशोकनगर में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026-27 (कक्षा 9वीं एवं 11वीं) के परीक्षा में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 07 फरवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे से 1.30 बजे तक पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत अशोकनगर में आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश का समय प्रातः 10.30 बजे रहेगा। छात्र अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं परीक्षा में प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड को साथ लाना अनिवार्य है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म भरे है वे परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें एवं अधिक जानकारी के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अशोकनगर के परीक्षा प्रभारी रविकुमार एस. से सम्पर्क एवं नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

---

ईसागढ़ को दी 5.68 करोड़ के सड़क और आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जैसे विकास कार्यों की सौगात

# चंदेरी में सिंधिया ने किया 7 करोड़ की लागत के 3 विद्युत सब स्टेशनों का शिलान्यास व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के अशोकनगर प्रवास के तीसरे दिन क्षेत्रीय विकास, जनसुविधा और सुशासन के संकल्प को साकार करने वाला रहा। इस दौरान उन्होंने चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में ऊर्जा और ईसागढ़ नगर में सड़क, स्वच्छता और रोजगार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया, जिनकी कुल लागत 12.68 करोड़ से अधिक है। चंदेरी में उन्होंने 7 करोड़ की लागत के विद्युत उपकेन्द्रों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया वहीं ईसागढ़ को उन्होंने 5.68 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएँ केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। उन्होंने ईसागढ़ गौरव दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विकास तब सार्थक होता है जब उसका लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।






### चंदेरी को 5400 लोगों को मिलेगा विद्युत उपकेंद्रों से प्रत्यक्ष लाभ

चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में केन्द्रीय मंत्री ने ऊर्जा अवसंरचना को नया बल देते हुए लगभग 7 करोड़ की लागत से निर्मित और निर्माणाधीन तीन नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने डुंगासरा उपकेंद्र का शिलान्यास तथा भरोली और आरोन उपकेंद्रों का लोकार्पण किया। 2.09 करोड़ की लागत से बनने वाला 5 एमवीए क्षमता का डुंगासरा उपकेंद्र डुंगासरा, बैदई और पचबावड़ी गाँवों के लगभग 800 निवासियों को लाभ पहुँचाएगा। वहीं, 2.83 करोड़ की लागत से तैयार भरोली उपकेंद्र भरोली, मिंदपुरा, बनोरा सहित 6 गाँवों के 2,000 नागरिकों को सशक्त बनाएगा। 2.15 करोड़ की लागत वाला आरोन उपकेंद्र आरोन, भीलड़ी, पीपरीधारे सहित 15 गाँवों की 2,600 की आबादी को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बिजली किसी भी क्षेत्र के विकास की 'जीवनरेखा' है। इन उपकेंद्रों के माध्यम से किसान निर्बाध सिंचाई कर सकेंगे, छात्र बेहतर वातावरण में अध्ययन कर पाएंगे और व्यापारिक गतिविधियाँ बिना रुकावट आगे बढ़ेंगी।

### सेवा का संकल्प और 'ज्योति' का व्रत

केन्द्रीय मंत्री सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जब भी आपके बीच आता हूँ, अंधेरे को दूर करने के लिए ज्योति का प्रकाश साथ लाता हूँ। उन्होंने स्मरण कराया कि गत नवंबर में भी अशोकनगर को 5 उपकेंद्रों की सौगात दी गई थी, जिससे 42 गाँवों को लाभ मिला था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश के 17,000 से अधिक ऐसे गाँवों तक बिजली पहुँचाई है, जो आजादी के बाद से अब तक अंधकार में थे।
तत्पश्चात केन्द्रीय मंत्री ने ईसागढ़ नगर में 5.68 करोड़ की लागत से संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ केवल सीमेंट और पत्थर की संरचनाएँ नहीं, बल्कि ईसागढ़ के उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव हैं।



### शहर का सड़क नेटवर्क होगा शत-प्रतिशत पूर्ण

सिंधिया ने बताया कि 'मुख्यमंत्री अर्बन एरिया इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम' के तहत 2 करोड़ की लागत से वार्ड 1 से 15 तक बनने वाली सीसी सड़कों के साथ ईसागढ़ का सड़क नेटवर्क शत-प्रतिशत पूर्ण होगा, जिसके बाद शहर में कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहेगी। इससे आवागमन सुगम होगा, दुर्घटनाओं का जोखिम घटेगा और दैनिक जीवन की गति बढ़ेगी। इसके साथ ही,उन्होंने कायाकल्प अभियान के अंतर्गत 1 करोड़ की लागत से बस स्टैंड से गुना मार्ग तक 600 मीटर लंबी सीसी रोड का भूमिपूजन किया, जो एक प्रभावी वैकल्पिक बायपास के रूप में कार्य करेगी और शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत देगी। इसके अलावा उन्होंने नाग वैली में 1.18 करोड़ की लागत से 10 आधुनिक दुकानों वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन किया, जो स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोज़गार का केंद्र बनेगा। इसके बारे में सिंधिया ने कहा कि यह परियोजना न केवल व्यापारिक गतिविधियों को गति देगी, बल्कि ईसागढ़ को एक सुदृढ़ स्थानीय अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करेगी।

### स्वच्छता और जल निकासी का स्थायी समाधान

कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने एसडीएमएफ योजना के तहत 1.58 करोड़ की लागत से निर्मित आरसीसी ड्रेन का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से शहर में जलभराव की समस्या का दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित होगा, जिससे स्वास्थ्य, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं में गुणात्मक सुधार आएगा।

### अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य के लिए समर्पण का अवसर देता है ईसागढ़ गौरव दिवस

ईसागढ़ में अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 03 फरवरी को ईसागढ़ नगर परिषद कार्यालय की स्थापना हुई थी, और यही कारण है कि यह दिन आज ईसागढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक प्रशासनिक शुरुआत की स्मृति नहीं, बल्कि ईसागढ़ के नागरिकों की सामूहिक चेतना, सहभागिता और विकास यात्रा का प्रतीक है। नगर परिषद की स्थापना ने सुशासन, जनसेवा और स्थानीय विकास को एक नई दिशा दी, जिससे नगर निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा।

---



## शिकायत पर सिंधिया ने 1 घंटे में खेल मैदान से हटवाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने क्षेत्रीय प्रवास के दौरान युवाओं की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त कराया। ग्राम डूंगासरा में सब स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा दी गई शिकायत पर उन्होंने तत्काल कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासन ने मात्र एक घंटे में मैदान से अतिक्रमण हटा दिया। इसके पश्चात सिंधिया ने हटाए गए अतिक्रमण वाले मैदान पर युवाओं के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया।



---

सिंध नदी पर सोबत के समीप पुल का लोकार्पण

## अशोकनगर और आरोन के बीच 40 किलोमीटर में हो सकेगा रास्ता तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले की सीमा पर बहने वाली सिंध नदी पर अशोकनगर और आरोन जिला गुना के बीच पुल न होने से वाहन चालक नदी के अंदर से होकर जाते थे, वर्षा काल में यह रास्ता बंद हो जाता था। इस पुल का लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया गया। जिसके बाद अशोकनगर आरोन के बीच अब दूरी 40 किलोमीटर रह गई है। यहां से कईं रास्ते इन्दौर जाने के भी खुल सकेगें। इस पुल की लागत 27.84 करोड है।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह पुल हमारे अशोकनगर और गुना के सैकड़ों गाँवों, हज़ारों परिवारों और अनगिनत विकास अवसरों को जोड़ने वाला सशक्त सेतु सिद्ध होगा। इस मौके पर पूर्व विधायक जजपालसिंह ने भी ने संबोधित किया और कहा कि अशोकनगर जिले का एक ग्राम ऐसा है जो सिंध नदी के उस पार है। इस नदी पर पुल बनने से दूरी कम हुई है और रास्ता आसान हो जाएगा।



**चन्देरी विधायक ने दिल्ली के लिए ट्रेन चलाने की मांग की**
इसी मौके पर चन्देरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि कहा कि जितना विकास छिन्दबाड़ा में हुआ है उतना विकास यहां पर भी होना चाहिए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने छिन्दवाड़ा से दिल्ली तक पातालकोट एक्सप्रेस चलवाई। उन्होंने मांग की है कि अशोकनगर, गुना, शिवपुरी जिले जो संसदीय क्षेत्र में आते हैं यहां से दिल्ली के लिए सीधे एक ट्रेन चलाई जाए ताकि यहां की जनता का दिल्ली तक का सफर आसान हो सके।

---



## छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया

**विज्ञान ब्लॉक में पौध रोपण का आयोजन हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं महाविद्यालय में हरित बातावरण तैयार करने के उद्देश्य से आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू खातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के बनस्पति विज्ञान विभाग के बी एससी तृतीय वर्ष के 75 विद्यार्थियों ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विज्ञान ब्लॉक में वृहद वृक्षारोपण किया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पाम, चंपा, जट्रोफा, चांदनी, कनेर, सुदर्शन, मुहहल आदि के कुल 45 पौधों का रोपण किया। विद्यार्थियों द्वारा रोपित किये गये पौधों की फाइल भी तैयार की जायेगी जिसमें पौधे से जुडी जानकारी जैसे सामान्य नाम, वानस्पतिक नाम, फैमिली, उपयोग आदि की जानकारी संधारित की जायेगी। इस गतिविधि से विद्यार्थियों को पौधों के विषय में जान प्राप्त होगा। इस गतिविधि का संचालन डॉ अनसिंष चैहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के विषय में समझाया। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

---

रघुंवशी समाज ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

## राजपूत बोर्डिंग हाउस में कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद ने रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाऊस में कब्जे का आरोप लगाया और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एक रैली भी निकाली गई। जिसमें शामिल जनों ने सामुहिक रूप से नायब तहसीलदार शम्भू सिंह मीना को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि गांधी पार्क के पास अशोकनगर हेतु भूमि स्टेट के समय महाराज साहब के पूर्वजों के निर्देश पर म्यूनिसपालटी पछार वर्तमान नगरपालिका अशोकनगर तामील हुक्म नंबर 19518 दिनांक 21-06-1941, बोर्ड नम्बर 74 दिनांक 20-06-1941, नंबर शुमार 329 मिसल नंबर 328/91 म्युनिसपालटी पाछार वर्तमान अशोकनगर वर्तमान भूमि सर्व क्रमांक 1043 1044 वार्ड क्रमांक 18 में गांधी पार्क के पास स्थित है दी गई थी। इस भूमि पर समाज के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है जिससे छात्रावास का संचालन नहीं हो पा रहा है। समाज द्वारा पहले भी कब्जा हटाने के प्रयास किए गए है। रघुवंशी राजपूत समाज द्वारा बैठके आयोजित कर समाज जनों से कब्जा हटाने हेतु रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस अन्तर्गत रघुवंश शिक्षा परिषद अशोकनगर द्वारा दिनांक 05/01/2026 को पत्र जारी कराये गये जिसके पालन में समाज की समझाइस पर राजकुमार रघुवंशी, खजुरिया कला द्वारा बगैर पत्र के ही रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग का कार्यालय कक्ष समाज को सौंप दिया गया तथा समाज जनों की समझाइस पर ज्ञानवीर सिंह रघुवंशी पुत्र कमलसिंह रघुवंशी ग्राम पुर्ण एवं सुनील सिंह रघुवंशी पुत्र रणवीर सिंह रघुवंशी ग्राम कडेसरा द्वारा दिनांक 10/01/2026 को रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस परिसर स्थित कक्ष को रघुवंश शिक्षा परिषद को सौंप दिये गये, परन्तु राव सतीश सिंह रघुवंशी, रघुवीर सिंह रघुवंशी, गजराज सिंह रघुवंशी, देवेंद्र सिंह रघुवशी पर उक्त भूमि पर कब्जा करने का आरोप ज्ञापन में लगाया गया है।




इस कारण छात्रावास का संचालन नहीं हो पा रहा है। बार-बार समाझाने के बाद भी भूमाफियाओं द्वारा बोर्डिंग हाउस परिसर स्थित कक्षों को खाली कर कब्जा नहीं छोड़ा जा रहा है। कब्जा घारी अत्यन्त चालाक एवं अपराधी प्रवृत्ति के हैं जिसके कारण समाज में भय व्याप्त है। सतीश रघुवंशी पर कईं गंभीर धाराओं में मामले दर्ज होने की बात की गई है। इस तरह के कईं आरोप ज्ञापन में लगाए गए हैं। इस दौरान मांग की गई है कि उक्त स्थान से कब्जाधारियों को हटाया जाए, ताकि वहां छात्रावास का संचालन किया जा सके।

### सतीश सिंह ने 5 लाख रूपए देने की घोषणा की

अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में राव सतीश सिंह ने नाम का उल्लेख कईं आरोपों के साथ किए जाने के बाद राव सतीश सिंह रघुवंशी द्वारा कहा गया कि उनके ऊपर पूरे देश भर के किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं है, यदि कोई भी उनके ऊपर न्यायालय में प्रकरण की बात बता दे तो वह 5 लाख रूपए देने के लिए तैयार हैं। उन पर जो आरोप लगाए गए हैं वह पूर्ण तरह से निराधार हैं।

---

## महिला सशक्तिकरण को लेकर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने महिलाओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सिंधिया के नेतृत्व में महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और उत्थान हेतु किए गए सतत एवं दूरदर्शी प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

यह विश्वास व्यक्त किया गया कि आने वाले वर्षों में विभिन्न महिला-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को एक सशक्त आधार प्राप्त होगा। अशोकनगर जिले में भी हम सभी महिलाएँ सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति को और अधिक सुदृढ़ बना सकती हैं।

जिला पुस्तकालय संघ की अध्यक्षा डॉ अमिता सेठी ने कहा ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा मुझे इस महत्त्वपूर्ण मुहिम का सहभागी बनने के योग्य समझा गया, इसके लिए मैं उनकी ह्रदय से आभारी हूँ। मैं पूर्ण विश्वास के साथ यह आश्वासन देती हूँ कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आवश्यकता-ग्रस्त महिलाओं को इस अभियान से जोड़कर उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सहायता हेतु सदैव सहयोगी भूमिका निभाऊँगी। आने वाले समय मैं उनका लक्ष्य जिला जेल मैं कैदियों के लिए रोजगार हेतु हथकरघा मशीन लगाना और शहर मैं एक पब्लिक लाइब्रेरी बनाना हैं जिसमें सिर्फ स्टूडेंट्स ही नहीं हर उम्र के पाठक लाभ उठा सकें। शहर के गांधी चैक पर जो पुरानी अदालत का भवन खाली है वहां लायब्रेरी की शुरूआत किए जाने हेतु सिंधिया का ध्यान आकर्षित किया गया। यह कार्य जिला पुस्तकालय संघ द्वारा विगत कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले में 12 पुस्तकालयों की स्थापना, अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में वर्षभर परीक्षा-बोध, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों का वितरण, स्वास्थ्य जाँच शिविरों का आयोजन, गत वर्ष विजयराजे माता सिंधिया वाचनालय चंदेरी मैं जिला पुस्तकालय संघ द्वारा जिला प्रशासन का सहयोग कर बनाई गई एवं अन्य जन कल्याणकारी गतिविधियाँ सम्मिलित हैं। बैठक मैं जिला पुस्तकालय संघ कोर कमेटी सदस्या डॉ मेघा भंवर, रानी राजोरिया भी उपस्थित रहीं। निश्चय ही यह सामूहिक प्रयास महिला सशक्तिकरण को एक सशक्त आंदोलन का स्वरूप प्रदान करेंगे।



### एडिशनल एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस में किया खुलासा, आरोपियों से माल भी जब्त

# पुलिस के हत्थे चढ़े ठगी और हाईवे पर लूट के शातिर अपराधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भोले-भाले लोगों को तरह-तरह से झांसे में लेकर ठगी के नित नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, पुलिस भी ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अपने पुख्ता मुखबिर तंत्र, तकनीकी विश्लेषण सहित अन्य माध्यमों से अपराधों का जल्द पड़ताल कर रही है। विगत दिनों जिले के पचोर शहर में झाड़फूंक से इलाज करने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ हुई करीब 2 लाख 50 हजार रुपए की ठगी का पुलिस ने खुलासा किया है। इसके साथ ही हाईवे पर हुई लूट के एक अन्य मामले पर से भी पुलिस ने पर्दा उठाया है। एडिशनल एसपी केएल बंजारे ने मंगलवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में आयोजित एक प्रेसवार्ता में दोनों मामलों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

#### मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर लेता था झांसे में

गत 30 जनवरी को पचोर में जीतेंद्र सिलावट निवासी इंदौर झाड़फूंक से बीमारी ठीक करने का झांसा देते हुए अज्ञात आरोपी ने 2 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बनी टीम ने घटना के महज पांच दिनों में ठगी को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से ठगी की पूरी राशि भी जब्त कर ली गई है। एडिशनल एसपी बंजारे ने बताया कि हमारी टीम ने अपने मुखबिरों, तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आनंद पिता जगदीश बैरागी को इंदौर से धर-दबोचा। आरोपी आनंद बस स्टैंड सार्वजनिक स्थानों पर अकेले व्यक्तियों को चिन्हित करता और उनकी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें ऐसे झांसे में लेता था कि भ्रमित व्यक्ति तत्काल उसकी बातों में आ जाया करते थे। आरोपी के पास से ठगी गई पूरी नकद राशि व घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है।

#### हाईवे पर लूट के आरोपी भी धराए

गत दिवस ब्यावरा-भोपाल हाईवे पर कार सवार के साथ हुई लूट के आरोपियों को भी पुलिस ने धर-दबोचा है। पुलिस ने बताया कि 24 जनवरी को गोपाल यादव निवासी ग्राम खानपुरा अपनी कार से भोपाल जा रहे थे। इस दौरान तीजबड़ली के नजदीक 3 अज्ञात व्यक्तियों ने कार रुकवाई। गोपाल यादव कुछ समझ पाते इसके पहले लुटेरों ने उनकी आंख में मिर्च डाल दी। इस मामले में भी सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल टेकिंग के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। इस वारदात को राजस्थान के इकलेरा क्षेत्र निवासी संजय मीणा, रजीत मीणा और जीतमल मीणा ने अंजाम दिया था।

### खिलचीपुर क्षेत्र के स्कूल, आंगनबाड़ियों का किया निरीक्षण

# जिपं सीईओ ने खुद चखकर जांची मिड-डे मील की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूलों में बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन प्रदाय करने, शिक्षकों के नदारत रहने, आंगनबाड़ियों के अक्सर बंद रहने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ ने मंगलवार दोपहर खिलचीपुर क्षेत्र के कुछ स्कूलों, आंगनबाड़ियों एवं जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गढ़पाले सुबह 10 बजे जनपद कार्यालय पहुंचे जहां कुछ कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने पर उनका आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश प्रदान किए। घोघटपुर स्कूल पहुंचने पर उन्होंने बच्चों के साथ भेंटकर भोजन करते हुए मिड-डे मील की क्वालिटी चेक की। हालांकि, प्रदाय भोजन गुणवत्तापूर्ण पाया गया। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुंवरजी की बड़ली जैतपुराकलां पहुंचे जहां एक शिक्षक के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने कार्यवाही हेतु शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम घोघटपुरा के निरीक्षण में व्यवस्थित शमशान घाट पर उन्होंने पंचायत के जिम्मेदारों की प्रशंसा की।

#### लापरवाहों को नोटिस जारी करने के निर्देश

घोघटपुर गांव में निरीक्षण में आंगनवाड़ी व्यवस्था भी संतोषप्रद नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा में ज्ञात हुआ कि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ठीक नहीं है और प्रसूताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गढ़पाले ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जल सरंचना स्टाप डेम का भी निरीक्षण किया।

### हालाहेड़ी गांव का मामला

# स्कूल परिसर में कब्जा, शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण



**राजगढ़।** जिले में सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे किए जा रहे हैं। ताजा मामले में ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत भूरा के ग्राम हालाहेड़ी स्थित सरकारी स्कूल परिसर में ही गांव के कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों द्वारा इस बारे में ब्यावरा जनपद एवं तहसील में गुहार लगाने के बाद भी जब शिकायत का हल नहीं निकला तो कई ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे जहां एसडीएम निधि भारद्धाज को उन्होंने अवैध कब्जे संबंधी पूरी जानकारी प्रदान की। ग्रामीणों ने बताया कि हालाहेड़ी के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने खेतों की बागड़ स्कूल के अंदर तक पहुंचा दी गई है। स्कूल के लिए करीब 4 बीघा जमीन आबंटित है लेकिन बेजा कब्जे के चलते महज एक बीघा जमीन ही रह गई है। ऐसे में विद्यालय की खेल-कूद गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसके साथ ही खाली जगह पर कभी-कभार जो सामाजिक, धार्मिक या अन्य आयोजन कर लिया करते थे, वे भी अवैध कब्जों के कारण नहीं हो पा रहे हैं।

#### एसडीएम ने दिया निराकरण का आश्वासन

ग्रामीणों ने मांग रखी कि स्कूल की जमीन का सीमांकन करवाते हुए बेजा अतिक्रमण को तुरंत हटवाते हुए परिसर के आसपास बाउन्ड्रीवाल करवा दी जाए। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम भारद्धाज ने ब्यावरा क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों से बात कर समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

### पिता की स्मृति में श्मशान चबूतरे का कराया निर्माण



**नरसिंहगढ़।** नगर के व्यवसायी अरविंद साहू ने अपने पिता बद्रीलाल साहू की स्मृति में थावरिया स्थित मुक्तिधाम में श्मशान चबूतरे का निर्माण करवाकर सराहनीय पहल की है। यह कार्य उनके पिता की अंतिम इच्छा और पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप पूरा किया गया। स्व. बद्रीलाल साहू ने अपने जीवनकाल में मुक्तिधाम के विकास हेतु सहयोग राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन उनके निधन के बाद यह संकल्प अधूरा रह गया था। पिता की उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र अरविंद साहू ने मुक्तिधाम में चबूतरे का निर्माण करवा कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल श्रद्धांजलि का माध्यम बनते हैं, बल्कि समाज के लिए स्थायी उपयोगी संरचनाएँ भी तैयार करते हैं। मुक्तिधाम में बने इस चबूतरे से अंतिम संस्कार के दौरान आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

# सारंगपुर में 45 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर नोटिस, हड़कंप मचा

### एसडीएम बोले - घबराने की जरूरत नहीं, दस्तावेज सत्यापन से अपडेट होंगे नाम

**सारंगपुर।** विधानसभा क्षेत्र सारंगपुर में 45 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर के नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नोटिस मिलते ही खासतौर पर नए मतदाताओं में अपना नाम मतदाता सूची से कटने का डर सताने लगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग मतदान केंद्रों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक कार्यालयों में जानकारी लेने पहुंचने लगे। हालांकि प्रशासन ने साफ किया है कि यह घबराने का विषय नहीं है और यह दस्तावेज सत्यापन की नियमित प्रक्रिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह नोटिस पिछली बार की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सामने आई विसंगतियों के आधार पर जारी किए गए हैं। कई मतदाताओं के नाम उनके माता-पिता के नाम से मेल नहीं खा रहे हैं, जबकि कुछ मामलों में गणना पत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) में दर्शाए गए विवरण और दस्तावेजों में अंतर पाया गया है। इन्हीं तकनीकी कारणों के चलते चुनाव आयोग के निर्देश पर एसआईआर के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।

मामले में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होंरे ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से करीब 45 हजार मतदाता नए हैं। इन्हीं नए मतदाताओं को प्राथमिक रूप से सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।




एसडीएम ने बताया कि संबंधित मतदाताओं को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाकर आधार कार्ड, शैक्षणिक मार्कशीट, पासपोर्ट अथवा अन्य वैध पहचान दस्तावेजों के माध्यम से वेरिफिकेशन कराना होगा। दस्तावेजों का सत्यापन होते ही मतदाता सूची में नाम अपडेट कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना उचित जांच और प्रक्रिया के किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा।सोमवार से जैसे ही नोटिसों का वितरण शुरू हुआ, क्षेत्र में नाम कटने की आशंका से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। हालांकि एसडीएम द्वारा जारी अपील और प्रशासन की ओर से दी जा रही जानकारी के बाद अब लोगों में धीरे-धीरे संतोष की स्थिति बन रही है। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि समय रहते अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रक्रिया पूरी करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सारंगपुर के बेटे ने रचा इतिहास, 21 वर्ष की उम्र में बने कमर्शियल पायलट



**सारंगपुर।** छोटे शहर से निकलकर आसमान तक पहुंचने का सपना सारंगपुर के मोहम्मद मुदस्सिर मंसूरी ने महज 21 वर्ष की उम्र में साकार कर दिखाया। पिता मुबारिक मंसूरी (शासकीय शिक्षक) के पुत्र मोहम्मद मुदस्सिर मंसूरी ने 200 घंटे की उड़ान पूरी कर कमर्शियल पायलट का लाइसेंस प्राप्त किया है। मोहम्मद मुदस्सिर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल, सारंगपुर से प्राप्त की। बचपन से ही उन्हें विमानों और उड़ान के प्रति गहरा लगाव था, जो आगे चलकर उनके जीवन का लक्ष्य बन गया। स्कूली शिक्षा के बाद वे कोटा गए, जहाँ उन्होंने पिता की इच्छा अनुसार जेईई की तैयारी शुरू की। हालांकि, मन में पायलट बनने का सपना हमेशा जीवित रहा। गहन आत्ममंथन और परिवार से चर्चा के बाद उन्होंने जेईई की तैयारी छोड़कर एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाने का साहसिक निर्णय लिया। इसके बाद उन्होंने डीजीसीए की सभी आवश्यक परीक्षाएं पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कीं, जो उनके आत्मविश्वास के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित हुआ। उन्होंने भारत की प्रतिष्ठित फ्लाइंग अकादमी रेडबर्ड एविएशन से अपनी फ्लाइट ट्रेनिंग पूर्ण की। ट्रेनिंग के दौरान कई तकनीकी और मानसिक चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।

### इंडियन नेवी की ट्रेनिंग पूरी कर लौटने पर गौरव का किया स्वागत



**तलेन।** गौरव पिता संदीप कुंभकार ने इंडियन नेवी से ट्रेनिंग पूरी कर नगर में लौटने पर नगर के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा आतिशबाजी, ढोल- धमाके ,पुष्प मालाओं से स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरव कुंभकार तलेन के माटी के लाल ने देश नगर एवं परिवार का नाम रोशन किया गौरव के पिता एक प्राइवेट स्कूल प्राइमरी में पढ़ते हैं ऐसी विषम स्थिति में बच्चों को पढ़कर उन्होंने देश के प्रति सेवा में भेजा।

# प्रदेशाध्यक्ष ने किया जाटव समाज की 64 सदस्यी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन



**ब्यावरा।** जाटव (बृजवासी) समाज कल्याण संघ चौरासी की प्रदेश स्तरीय समिति के चुनाव के बाद रविवार को प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र पंडाजी ने अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। राजगढ़ के कालाखेत स्थित माता मंदिर परिसर में नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों को प्रदेश कार्य समिति के नियुक्त प्रत्र प्रदान कर फूल-मालाओं एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। वहीं समाज के निर्वाचन अधिकारी भागीरथ प्रसाद मलोनिया द्वारा मौजूद सभी पदाधिकारियों को समाज के प्रति निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से समाज हित में कार्य करने और समाज को अग्रसर आगे ले जाने सहित समाज को एकजुट करने की शपथ दिलाई। सहभोज के बाद समारोह का समापन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य समाजबंधु मौजूद रहे। प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण पवैया ब्यावरा एवं नरेंद्र सोनवाल गुना बताया कि 14 दिसंबर 25 को करनवास में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव हुए थे। इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन 11 जनवरी को राजगढ़ में आयोजित संयुक्त बैठक में निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा सर्वसहमति से निर्णय लिया था। अंत में प्रदेश पदाधिकारियों ने ली शपथ शपथ विधि समारोह में प्रदेशाध्यक्ष कैलाश जाटव सहित निर्वाचन अधिकारी एवं संरक्षक शंकरलाल पटेल भोपाल, भागीरथ प्रसाद मलोनिया, शिवनारायण करनवास, उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद जाटव, सुरेश सोनगिरा, पुरुषोत्म जाटव लश्करपुर, अनोखीलाल कोटिया कुरावर, रमेश निगोतिया बरखेड़ी एवं सचिव देवेंद्र विजयपुरिया, सह सचिव गजेंद्र बंशीवाल, कोषाध्यक्ष गोकुलप्रसाद जाटव राजगढ, कार्यालय सचिव सचिन जाटव करनवास चार महासचिव, 11 महामंत्री, 9 संगठन मंत्री, 3 संयुक्त सचिव, 3 प्रवक्ता सहित 64 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

### भादाहेड़ी में अंबेडकर प्रतिमा की खंडित, अज्ञात पर एफआईआर

**राजगढ़।** खिलचीपुर थानाक्षेत्र के भादाहेड़ी गांव में मंगलवार शाम संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया है। प्रतिमा खंडित देख आक्रोशित ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इत्तिला दी। मामले में फिलहाल अज्ञात व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की तफ्तीश जारी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम भादाहेड़ी ग्राम में बाबा साहब की प्रतिमा का कान टूटा हुआ दिखा। मामले की जानकारी लगने पर टीआई उमाशंकर मुकाती टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करते हुए प्रकरण विवेचना में लिया है।

# प्रवेश-पत्र में दर्ज क्यूआर कोड खोलेगा परीक्षार्थी की पूरी कुंडली

### अनिल की जगह सुनील परीक्षा देने पहुंचा तो तुरंत आएगा पकड़

**राजगढ़।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। गत वर्ष प्रदेश के ग्वालियर, मुरैना सहित अन्य जिलों में सामने आए नकल प्रकरणों को देखते हुए इस बार की परीक्षाओं को तकनीकी रूप से लीकपूफ बनाने मंडल द्वारा कुछ नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक परीक्षार्थी के प्रवेश-पत्र पर क्यूआर कोड भी अंकित रहेगा। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही संबंधित परीक्षार्थी की पूरी पहचान जैसे फोटो, नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि सहित अन्य आवश्यक जानकारी केंद्राध्यक्ष या सहायक केंद्राध्यक्ष के सामने आ जाएगी। अगर मूल परीक्षार्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचा तो बारकोर्ड के जरिए उसकी पूरी पहचान उजागर हो जाएगी और फर्जीवाडे.पर काफी हद तक रोक लगेगी।

**नियमित, स्वाध्यायी सभी के एडमिट कार्ड में रहेगा अंकित:** मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एवं सहायक नोडल अधिकारी (परीक्षा) महेश गुप्ता ने बताया कि उक्त क्यूआर कोड न केवल नियमित बल्कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पर भी अंकित रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही जिले में बोर्ड परीक्षा संबंधी तैयारियां की जा चुकी हैं। गुप्ता ने बताया कि आगामी इसी कड़ी में 6 फरवरी को उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ से जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए पूरी गोपनीयता के साथ परीक्षा सामग्री का वितरण करवाया जाएगा। गा। परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष व टीम को परीक्षाओं से संबंधित सभी सामग्री प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी जोड़कर कुल 34 हजार 866 बच्चे बोर्ड परीक्षाएं देंगे।

# परमात्मा शिव के अवतरण व विश्व कल्याण के कर्तव्य का यादगार पर्व है महाशिवरात्रि



**ब्यावरा।** महाशिवरात्रि के आगामी पर्व का आगाज करते हुए ब्रह्मकुमारीज के शहिद कॉलोनी ब्यावरा सेवाकेंद्र पर शिवरात्रि महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार, राजयोगिनी मधु दीदी जिला प्रभारी राजगढ़, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जनपद अध्यक्ष राधा देवी, समाजसेवी डॉक्टर कैलाश मिश्रा, एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी , ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी।

कार्यक्रम की शुरुआत शिव की पूजा एवं दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गई। राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने बताया शिवरात्रि की सबको शुभकामनाएं दी और बताया कि यह नवनिर्मित सेवाकेंद्र न केवल यहां के नियमित सदस्यों के लिए अपितु मोहनीपुरा ग्रामवासियों, ब्यावरा वासियों के लिए नवचेतना और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का कार्य करेगा। रामचंद्र दांगी ने कहा कि आज का मानव स्वयं के लिए समय के न होने का तर्क देता है लेकिन में असल में अपने समय को व्यर्थ बातों में गंवाता रहता है। लेकिन हमें प्रति दिन एक घंटा अपने लिए देना चाहिए जिससे सकारात्मक ऊर्जा हमें मिलती रहे।

### लंबे समय से बंद पुल को लेकर समाधान की दिशा में पहल

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक, पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को बजट में शामिल करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

क्षेत्र की महत्वपूर्ण पार्वती पुल की समस्या को लेकर एक बार फिर सकारात्मक पहल सामने आई है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त एवं बंद पड़े पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को लेकर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर चर्चा की। विधायक ने पुल की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए इससे उत्पन्न हो रही जनसमस्याओं की जानकारी दी। विधायक मोहन शर्मा ने बताया कि लगभग 50 वर्ष पुराना पार्वती पुल जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है, जिसके चलते बीते एक वर्ष से इसे आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है।

पुल बंद होने से नरसिंहगढ़ का संपर्क रुनाहा, नजीराबाद, बैरासिया सहित आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से प्रभावित हुआ है। इससे क्षेत्र के नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त खपत हो रही है। पुल के बंद होने का असर आमजन के साथ-साथ विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों पर भी पड़ा है। विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों को अपनी कृषि उपज मंडियों तक ले जाने में असुविधा हो रही है। व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक द्वारा रखी गई बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्या की संवेदनशीलता को स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को इसी बजट में शामिल किया जाएगा, ताकि आवश्यक स्वीकृति के बाद निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद क्षेत्र में समाधान को लेकर सकारात्मक वातावरण बना है। उल्लेखनीय है कि पार्वती पुल की स्थिति को लेकर पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर ज्ञापन सौंपे गए हैं और लगातार इस विषय को उठाया जाता रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों के बाद अब मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा होने से समाधान की दिशा में ठोस कदम उठने की संभावना बनी है।

मुलाकात के दौरान हाल ही में मुख्यमंत्री के नरसिंहगढ़ दौरे के समय सार्वजनिक सभा में की गई घोषणाओं पर भी चर्चा की गई। इनमें बड़े महादेव को महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित करने, नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार निर्माण तथा अन्य विकास संबंधी घोषणाएं शामिल रहीं। विधायक ने इन घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन की अपेक्षा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि बजट में प्रावधान होने के बाद पार्वती पुल के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जिससे आवागमन व्यवस्था में सुधार होगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।